दिनांकः 16.08.2025 समय : 18.30 पीएम

# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में करीब 11 हजार करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे।**
- **देशभर के एक हजार एक सौ पचास टोल प्लाजा पर फास्टैग वार्षिक पास सुविधा शुरू।**
- **प्रदेश में पटवार भर्ती परीक्षा कल–राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने नकल रोकने के लिए पुख्ता इन्तजाम किये।**
- **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राज्य में श्रद्धा और भक्ति का माहौल।**
- **प्रदेश में अगले तीन–चार दिन बारिश का दौर जारी रहने की संभावना।**

--------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। इन परियोजनाओं में **द्वारका एक्सप्रेस–वे** के दिल्ली खण्ड और शहरी विस्तार सड़क का दूसरा भाग शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये परियोजनाएं यातायात सुगमता के लिए विकसित की गई हैं। इससे राजधानी और आसपास के क्षेत्रों को ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिल सकेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

--------------

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर **'फास्टैग वार्षिक पास'** की सुविधा शुरू कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल करीब डेढ लाख लोगों ने वार्षिक पास खरीदे। वार्षिक पास से गैर व्यावसायिक वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। एक रिपोर्ट–

--------------

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर समूचा राष्ट्र उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली स्थित श्री वाजपेयी

की समाधि सदैव अटल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निवास पर श्री वाजपेयी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री शर्मा ने उन्हें दूरदर्शी नेता और ओजस्वी वक्ता बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति में शुचिता और उच्च आदर्शों के प्रतीक श्री वाजपेयी को हमेशा याद किया जाएगा।

--------------

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन परिसर में प्लुमेरिया गार्डन, बनयान ग्रोव और बबलिंग ब्रुक का उद्घाटन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि ये अब अमृत उद्यान का हिस्सा हैं। प्लुमेरिया गार्डन में घास के टीले हैं, जबकि बनयान ग्रोव में रिफ्लेक्सोलॉजी पथ, पंचतत्व ट्रेल्स प्रदर्शित हैं। बबलिंग ब्रुक में झरने और सीढीनुमा पत्थर हैं। अमृत उद्यान अगले महीने की 14 तारीख तक जनता के लिए खुला रहेगा।

--------------

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से आज उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने जयपुर में मुलाकात की। विधानसभा में हुई इस भेंट में दोनों के बीच विधायी कार्यप्रणाली, चुनौतियों, नवाचारों और लोकतांत्रिक परम्पराओं पर चर्चा हुई। इस दौरान श्री देवनानी ने उन्हें राजस्थान विधानसभा की ऑनलाइन पेपरलेस प्रक्रिया के बारे में बताया। श्री महाना ने राजस्थान विधानसभा के नवाचारों और भवन की अनूठी स्थापत्य कला की सराहना की।

--------------

ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले वायु सेना के ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी को केन्द्र सरकार की ओर से वीर चक्र से सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। वायु सेना के 9 अधिकारियों को वीर चक्र से नवाजा जाएगा। कैप्टन पाटनी मूल रूप से बारां जिले के कुजेंड़ गांव के निवासी हैं। इस खबर से पूरे जिले में हर्ष और गौरव का माहौल है।

--------------

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कल पटवार भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 3 हजार 705 पदों के लिए ये परीक्षा 2 पारियों में ली जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि इसके लिए पौने सात लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। श्री राज ने बताया कि परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए सीसी टीवी कैमरे से अभ्यर्थियों पर निगरानी रखी जाएगी। वहीं परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के दौरान अभ्यर्थी की फेस स्कैनिंग और बायो मैट्रिक उपस्थिति होगी।

--------------

उदयपुर के कोटड़ा क्षेत्र के पाथरपाडी गांव स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुए हादसे की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। कार्यवाहक सहायक अभियन्ता और संविदा पर काम कर रहे सिविल कन्सलटेंट को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से संवेदक फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं। घटना निर्माणाधीन विद्यालय का छज्जा गिरने से हुई, जिसमें भवन के पास से गुजर रही एक बालिका की मृत्यु हो गई और एक अन्य बालिका घायल हो गई।

--------------

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व प्रदेशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मन्दिरों में विशेष श्रृंगार किया गया है और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। झांकी, रासलीला, दही हांडी और नृत्य संगीत तथा भजन संध्याओं से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जयपुर के श्री गोविन्ददेव जी मन्दिर में भगवान श्री कृष्ण के जयकारों और कीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सीकर में खाटूश्यामजी, करौली के मदन मोहन, उदयपुर के जगदीश मन्दिर और अलवर के रंगजी मन्दिर में भी श्रृद्धालुओं की खासी भीड़ है। चित्तौड़गढ़ के श्री सांवलिया सेठ कृष्णधाम को फूलों और रंग–बिरंगी रोशन से आकर्षक रूप से सजाया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

-----------------

बालोतरा और सिरोही के पिण्डवाड़ा तथा रोहिडा सहित विभिन्न स्थानों पर जन्माष्टमी पर्व के मौके पर महिलाओं ने परम्परागत रूप से तलाब पूजन किया। चूरू के प्राचीन कृष्ण मन्दिर में मेले का आयोजन किया गया है। वहीं नाथद्वारा के श्रीनाथ श्री मन्दिर में भी धूमधाम से जन्माष्टमी उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शोभायात्रा भी निकाली जा रही है। रात 12 बजे श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

--------------

प्रदेशभर में अगले तीन–चार दिन बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज चौबीस ज़िलों में बरसात का यलो अलर्ट बताया है। वहीं 18 अगस्त को उदयपुर और सिरोही के कुछ हिस्सों में मध्यम, तो कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। राजधानी जयपुर, सिरोही और पाली में भी दोपहर बाद हल्की बारिश का दौर चला। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी से निजात मिली। कल यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ था।

---------------------

इस बीच बीते चौबीस घंटों में उदयपुर के गोगुन्दा में सबसे ज्यादा 7 सेंटीमीटर पानी बरसा। भरतपुर के पहाड़ी, झालावाड़ के गंगधार, राजसमंद के नाथद्वारा, कुम्भलगढ़ और कोटा के सांगोद में भी मूसलाधार बारिश हुई। जालौर में भी तड़के रूक–रूक कर तेज बारिश होती रही। वहीं बाड़मेर, जोधपुर, जालौर, बांसवाड़ा, झालावाड़, बारां, डूंगरपुर में भी कुछ स्थानों पर 2 से 4 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुई। इस बीच प्रदेश के जलस्त्रोत अपनी भराव क्षमता के 77 फीसदी तक पहुंच गये हैं, वहीं छोटे–बड़े 693 बांधों में से 274 बांध लबालब हो गये है और 280 आंशिक रूप से भर गये हैं।

बारिश के सुहाने मौसम में एक साथ कई छुट्टियां आने से प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की खासी भीड़ देखी जा रही है। राजधानी जयपुर में भी छुट्टियों का आनन्द लेने के लिए पडौसी राज्यों से आवक हुई है। वहीं सिरोही के माउंटआबू में भी पर्यटकों की भारी भीड़ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसे देखते हुए प्रशासन ने आबू रोड़ से माउंट आबू जाने वाले बडे और भारी वाहनों पर 20 अगस्त तक रोक लगा दी है।

--------------

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज दो दिन के दौरे पर सलूम्बर पहुंचे। उन्होंने बरोड के आवासीय विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद भी किया।

--------------

सिरोही जिले में असाध्य और गंभीर बीमारियों से पीडित रोगियों को घर पर ही ईलाज और देखभाल उपलब्ध कराने के लिए आज से पैलिएटिव केयर की शुरूआत हुई। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और सांसद लुम्बाराम चौधरी ने इस केयर वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

--------------